12 बदहाल सड़क पर बरहेली के लोग बिफरे किया...




12 हाटकोंदल में माइनिंग समिति की बैठक...



## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## अपराध : पुलिस ने चोर और चोरी का माल खरीदने वालों को भेजा जेल

# सूखा नशा और मुर्गा बाजार में दांव के चक्कर में दरगाहन के दो युवक बनें आदतन चोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

चारामा के गोलमुंडा में चोरी करने वाले तीन चोर पकड़ाए, इनमें दो चोर आदतन है, इनके आदतन होने की कहानी यह है कि सूखा नशा और मुर्गा बाजार में दांव लगाने के बिना जिंदा नहीं रह सकते। सूखा नशा और मुर्गा बाजार के लिए पैसा चाहिए, उसके लिए चोरी करके रकम जुटाना इनकी अब आदत हो गई है। एक चोर पर जहाँ 07 मामले दर्ज है, वहीं दूसरे पर 02 मामले दर्ज है। नाबालिग उनकी आदतों को देखकर पैसे के लालच में इनके साथ जुड़ गया। पुलिस ने जाँच में माल खरीदने वाले की पुष्टि हुई, उसे भी जेल की सलाखों में भेज दिया।

मामला यह है कि गोलकुम्हड़ा में सूने मकान में 19 सितंबर को दिनदहाड़े दोपहर करीबन 1 बजे सूने मकान के दरवाजा के ताला तोड़कर अज्ञात चोर के द्वारा घर में रखें सोना चांदी के जेवरात को चोरी किया था। गांव के कुछ लोगों ने संदेहियों को गांव में घूमते हुए देखा था। पुलिस ने मामले की तस्दीक शुरू किया तो पता चला कि तीन युवक स्कूटी में आएं थे, उसमें कई लोगों ने उनको पहचाना था। पुलिस ने तीनों संदेहियों दरगाहन निवासी 22 वर्षीय सूरज देवांगन पिता स्व. सुरेश देवांगन और 27 वर्षीय संजू सोनकर पिता स्व. मोहन सोनकर अपने साथ एक नाबालिग बालक को थाना लाकर पूछताछ किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किया और जेवरात को बेचने के लिए रामसत्ता चौक निवासी 26 वर्षीय ईश्वर सोनकर पिता केशव सोनकर को दिया था। संदेहियों ने माल खरीदने वाले का नाम उजागर किया, पुलिस उसें भी आरोपी बनाकर दबोच लिया और चोरी हुए जेवरात को बरामद भी किया। चोर सूरज देवांगन के खिलाफ चारामा थाना में चोरी के 07 प्रकरण दर्ज है, वहीं संजू सोनकर के खिलाफ भी 02 प्रकरण दर्ज है। यह अब आदतन चोरी करने लगे है और किसी भी गांव में सूने मकान पर धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दे देते है। आदतन चोर ने नाबालिक बच्चे को भी तैयार किया और उसे भी चोर बना दिया।

**खास बातें**

- आरोपी नाबालिग बालक पर नियमानुसार की गई कार्रवाई
- दोनों आदतन चोर की माँ घरों में काम करके चलाती है घर, माँ बच्चों की हरकत से है परेशान


आरोपियों को जेल में दाखिल करते हुए


सूरज देवांगन


संजू सोनकर


ईश्वर सोनकर

### आदतन चोर के नहीं है पिता

पुलिस ने जांच में पाया कि दोनो आदतन चोर के पिता नहीं है और परिवार में केवल उनकी माँ है। देखरेख के अभाव में यह चोर बन गए, वहीं दोनो आदतन चोर की माँ दूसरे घरों में काम करके जीवन चला रही है। दोनो आदतन चोर की माँ ने पुलिस से कहा कि दूसरे के घरों में काम करके पैसा हमारे पास जो एकत्र था, उससे कई बार छुड़ाया है, परंतु इस बार नही छुड़ाएंगे। हम लोग भी इनकी हरकत से परेशान हो चुके है। दोनो आदतन चोर की माँ ने पुलिस से कहा कि हम उनकी हरकत से परेशान हो गए है, जेल ऐसा भेजों की बाहर न आएं।

### नशा और जुआ के शौकीन

चारामा थाना प्रभारी तेज साहू ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि दोनो आदतन चोर सूखे नशे के आदी है, बिना उसके जीवन नहीं जी सकते है। सूखा नशा के साथ-साथ आसपास गांव में होने वाले मुर्गा बाजार में दांव भी लगाते है, जिसमें कभी जीतते है, तो कभी हार जाते है। इन शौक को पूरा करने के लिए जब पैसे की जरूरत होती है, तब चोरी की घटनाओं को अंजाम दे देते है।

### कार्रवाई टीम शामिल

गोलकुम्हड़ा में तीन दिन पहले हुई चोरी का खुलासा करने और चोर को दबोचने में थाना सहायक उपनिरीक्षक भकेश पटेल, सहायक उपनिरीक्षक प्रदीप यादव, आरक्षक डोमन बघेल, अनिल जैन, जितेंद्र नाग की अहम भूमिका रही। उक्त टीम ने आरोपियों के पास से स्कूटी और जेवरात को जप्त कराने में सफल रहे।

## खबर संक्षेप

### जहर खाने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत कांकेर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 20 सितंबर को देवकी कावड़े का मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। अचानक स्वास्थ्य अधिक खराब हो जाने के कारण मौत हो गया। मृतक ने जहर क्यो खाया था, यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बेकाबू वाहन पेड़ से टकराया, हुई मौत

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत सीएचसी कोयलीबेड़ा में इलाज के दौरान घायल 40 वर्षीय सोमा राम कड़ियाम का मौत हो गया। दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। मिली जानकारी अनुसार मृतक सोमा राम कड़ियाम अपने वाहन क्रमांक सीजी 19 बीसी 0431 को तेज व लापरवाही पूर्वक चला रहा था। वाहन की गति तेज होने के कारण नियंत्रण खो बैठा और पेड़ से टकरा गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसका 19 सितंबर को मौत हो गया।

## जमीन मुआवजा बंटवारे के नाम पर दो परिवारों में मारपीट, काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



भारतमाला रोड निर्माण में ग्रामीण के जमीन का कुछ हिस्सा दब गया। जमीन के दबने से उसके मुआवजे की राशि मिली। राशि के बंटवारे की बात को लेकर दोनो परिवार के बीच विवाद हो गया। दोनो पक्ष ने दुधावा चौकी में मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का शिकायत दर्ज कराया। दोनो पक्ष की बात सुनकर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया। चौकी दुधावा में शिकायत करने पहुंचे धनोरा निवासी 46 वर्षीय धरम यादव पिता दुवारू राम यादव ने पुलिस को बताया कि राज मिस्त्री का काम करता हूं और 19 सितंबर को अपने पिता के साथ पटवारी के पास जमीन संबंधी कागजात बनवाने साल्हेटोला गया था। पटवारी के पास कागजात बनवा रहा था, उसी समय मेरा रिश्तेदार मन्नू राम यादव आया और बोला कि भारतमाला रोड में हमारा जमीन दबा है, जिसका मुआवजा राशि 8 लाख 7 हजार 250 रूपएं मिला था, वहां से 4 लाख रूपएं मुझे दिए है और 4 लाख 7 हजार 250 रूपएं तुम ▸▸| शेष पेज 10 पर


- बंटवारे में लाखों का लोचा बताकर विवाद और की मारपीट

### जमीन संबंधी सहमति पत्र बनाना जरूरी

वही दूसरे पक्ष से शिकायत करने पहुंचे धनोरा निवासी 40 वर्षीय मन्नू लाल यादव पिता पानसिंह यादव ने पुलिस को बताया कि राज मिस्त्री का काम करता हूं और 19 सितंबर को ग्राम साल्हेटोला का पटवारी मेरे पिता को जमीन संबंधी कागजात सहमति पत्र बनवाने के लिए बुलाए थे। मैं अपने पिता पानसिंह यादव के साथ पटवारी के पास गया था। मैं पटवारी कार्यालय जाकर देखा तो मेरे बड़े पिता और धरम यादव दोनों वहां पर थे। मेरे पिता और बड़े पिता दुवारू राम यादव के नाम का जमीन भारतमाला रोड में दबा है, जिसका मुआवजा राशि पिछले वर्ष 8 लाख 7 हजार 250 रूपएं मिला था। वहां से चार लाख रूपएं मेरे पिता को दे रहा हूं कहकर मुझे दो लाख रूपएं ही दिया और दो लाख रूपएं मेरे छोटे भाई के विवाह में मुझे बिना बताए धरम यादव खर्च किया था। अभी 5 लाख रूपएं और मिलने वाला है, उस पैसा को पूरा मुझे देना कहकर मैं बड़े पिता का बेटा धरम यादव को बोला। उसी समय पटवारी कार्यालय के बाहर दोपहर करीबन 2 बजे धरम यादव बोला कि पूरा पैसा तुम्हें क्यों देगें कहते हुए गाली दिया और हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट से शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है। गांव एवं परिवार में सलाह मशविरा पश्चात 20 सितंबर को शिकायत दर्ज कराने आया हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी धरम यादव के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## ट्रक की ठोकर से घायल युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत





हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

आतुरगांव के पास बाइक सवार युवक को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना भीषण था कि बाइक सवार युवक सड़क से दूर जा गिरे। दुर्घटना में युवक को गंभीर चोट आई थी। इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

पुलिस ने विवेचना में पाया कि मृतक 27 वर्षीय अजय मरकाम पिता अंकालू मरकाम जो टीवी, फ्रिज, वासिंग मशीन, एसी बनाने का काम करता था। वह 19 सितंबर को रात लगभग 8 बजें आतुरगाँव हाई स्कूल राष्ट्रीय राजमार्ग के पास में खड़ा था। मृतक अजय मरकाम अपनी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 07 एएक्स 0228 में सवार होकर आतुरगाँव से पथर्री की ओर जा रहा था, तभी कांकेर की तरफ से आ रही ट्रक क्रमांक एपी 39 डब्ल्यू 7666 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया। ठोकर लगने के बाद मृतक अजय मरकाम दूर सड़क पर फेंका गया। उसको उठाने के लिए उसके पास गया तो देखा की ▸▸| शेष पेज 10 पर

## राजपुर में एक परिवार ने ईसाई धर्म छोड़कर आदिवासी समाज में लौटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर






नरहरपुर अंतर्गत के राजपुर गांव में एक परिवार ने ईसाई धर्म छोड़कर अपने मूल धर्म आदिवासी समाज में वापसी किया है, इनमें 2 बच्चे भी शामिल है। यह परिवार विगत दो साल से ईसाई धर्म में फंसे हुए थे, उसकी मानें तो प्रलोभन देकर, बहला फुसलाकर धर्म छोड़ने को मजबूर किया गया था।

- बीमारी को ठीक करने का झांसा देकर कराया था धर्म परिवर्तन

आदिवासी समाज में वापिस आने वाले शत्रुघन शोरी ने गांव वालों को बताया कि वे लंबे समय से मानसिक तनाव में थे और बीमारी के इलाज के लिए गए थे, जहां उनसे प्रार्थना कराई गई। पीने के लिए पानी दिया गया। उस वक्त तो बीमारी ठीक हो गई, लेकिन बाद में फिर से परेशानी बढ़ गई, इसके बाद उन्होंने फिर अपने धर्म में आने की सोची। पढ़ने के लिए बाइबिल दी जाती थी, जिसमें ईसाई धर्म के नियम होते थे औरब्रेन वॉश किया जाता था। ईसाई धर्म अपनाने के नियम पढ़ाए जाते थे और बुखार ठीक करने का दावा करते थे, मेरी लड़की बुखार से पीड़ित था इलाज के लिए गए थे, जहां उन्हें पानी देकर प्रार्थना कराई गई और लगाने के लिए तेल दिया गया। शत्रुघन शोरी ठीक हो गया। इसके बाद वे उसी धर्म में चले गए, बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उनके बच्चे बड़े होंगे तो शादी ब्याह में दिक्कत होंगी इसलिए वापिस आदिवासी समाज में आने की सोची। करीब 1-2 साल बाद अपने मूल धर्म में लौटने से उन्हें मानसिक शांति मिली है। सभी परिवार को भी अपने धर्म को नहीं छोड़ूंगा करके वचन भी दिया है। आदिवासी समाज के क्षेत्र अध्यक्ष रामलाल कावड़े बताया कि लालच देकर गांव के लोगों को ईसाई धर्म में जोड़ा जा रहा है। जातिगत जनगणना जब होगी, तब अपना समाज छोड़े हुए लोगों को दिक्कत होगी। इसलिए हम लोगों को जागरूक होना होगा। शंकर मरकाम भीमा का कहना है कि बस्तर संभाग में धर्मांतरण एक प्रमुख ▸▸| शेष पेज 10 पर

## शराब दुकान के सामने से बाइक की चोरी, चोर की तलाश




**कांकेर।** पंडारीपानी के शराब दुकान के सामने से अज्ञात ने बाइक को चोरी कर लिया। बाइक के संबंध में वाहन मालिक ने अपने स्तर पर पता तलाश किया, लेकिन वाहन का कही पता नही चला। वाहन चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे टिकरापारा निवासी 49 वर्षीय अभिषेक उपाध्याय पिता स्व. भैरवदत्त उपाध्याय ने पुलिस को बताया कि पण्डरीपानी कांकेर में शराब दुकान के पास डेली निड्स का दूकान चलाता हूं। रोज की तरह 17 सितंबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएच 2218 में सवार होकर अपने दुकान गया और दुकान के सामने मोटर सायकल को खड़ा किया था। रात करीबन 10 बजें अपनी दूसरी मोटर सायकल, जिसे मेरे दुकान में काम करने वाला नौकर चलाता है उस मोटर सायकल का चाबी छोड़ने के लिए शराब दूकान के अंदर गया और करीबन 10 मिनट बाद जब मैं बाहर आया तो देखा की मेरी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएच 2218 दुकान के सामने खड़ी किए हुए जगह पर नही था। तब मै शराब दुकान के आसपास अपने मोटर सायकल का खोजबीन किया कोई पता नही चला। कोई अज्ञात चोर मेरी मोटर साकयल को चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेना में लिया गया।

## एक हजार की शराब जब्त कोचिया पर की कार्रवाई



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बरदेभाठा चौक से शराब कोचिया माकड़ी खुना निवासी प्रकाश जैन को कांकेर पुलिस ने गिरफ्तार किया व उसके कब्जे में अवैध ब्रिकी के लिए रखे शराब को भी जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी माकड़ी खुना निवासी प्रकाश जैन अपने कब्जे में देशी प्लेन शराब को रखा हुआ था। शराब को अवैध ढंग से बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। कांकेर पुलिस द्वारा छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से 15 नग देशी प्लेन शराब कीमति 1200 रूपएं व नगद 100 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## सेवा पखवाड़े की दौड़ स्पर्धा के विजेताओं को विधायक आशाराम ने किया पुरस्कृत

# युवक नशे से रहें दूर, शिक्षा, खेल व रोजगार से भविष्य संवारे व जिले को करें गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 21 सितंबर को कांकेर के युवाओं ने नशा मुक्त कांकेर बनाने को लेकर जागरूकता लाने कांकेर की सड़को में दौड़ लगाई और विजयी प्रतिभागियों को विधायक आशाराम नेताम ने पुरूस्कृत किया और कहा कि कांकेर के युवा नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भविष्य संवारें, तभी स्वंय एवं कांकेर का नाम रोशन करें। नरहरदेव शासकीय उमावि प्रांगण से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। विधायक आशाराम नेताम ने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया, जिसमें ▸▸| शेष पेज 10 पर

**युवाओं ने जागरूक करने कांकेर की सड़कों पर लगाई दौड़**



### कांकेर की सड़कों पर दौड़ने वाले यह रहे विजेता



मैराथन दौड़ में शामिल युवाओं में पुरुष वर्ग प्रथम स्थान चम्पेश मरकाम 2001 रूपए मेडल व प्रशस्ति पत्र, द्धितीय स्थान गुलाब मरकाम 1001 रूपए, मेडल व प्रशस्ति पत्र, तृतीय स्थान दसीराम 501 रूपए मेडल व प्रशस्ति पत्र इसी तरह महिला में वर्ग प्रथम स्थान निकेश्वरी तारम 2001 रूपए मेडल व प्रशस्ति पत्र, द्धितीय स्थान अनिशा तेता 1001 रूपए मेडल व प्रशस्ति पत्र, तृतीय स्थान सनीमा नुरेटी 501 रूपए मेडल व प्रशस्ति पत्र शेष 7-7 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।




## खबर संक्षेप

### दण्डाधिकारी जांच में दे सकेंगे जानकारी

**बीजापुर।** थाना भोपालपटनम क्षेत्रांतर्गत घटना 4 जुलाई 2025 को ग्राम नीलमड़गू के जंगल पहाड़ में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड की घटना घटित हुई है। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर एक अज्ञात पुरूष माओवादी का शव मिला। शव के पास से एक नग 303 रायफल, सहित अन्य हथियार व नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। उक्त घटना के संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी हो तो 26 सितम्बर तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भोपालपटनम में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बाजपेयी के निधन के उपरांत रविवार को नयापारा स्थित बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्व. बाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि बस्तर की पत्रकारिता में स्व.राजेंद्र बाजपेयी का योगदान अविस्मरणीय है। संघ इस दुख की घड़ी में बाजपेयी परिवार के साथ खड़ा है। सचिव धर्मेंद्र महापात्र ने अपने विचार साझा किया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुब्बा राव, वरिष्ठ पत्रकार संजीव पचौरी, हेमंत कश्यप, गुप्तेश्वर सोनी, अनिल सामंत, सुनील मिश्रा ने भी बाजपेई के निधन को पत्रकार जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इस दौरान पत्रकार संघ के कनिष्ठ उपाध्यक्ष निरंजन दास, सह सचिव बादशाह खान समेत डॉ सतीश जैन, अजय श्रीवास्तव, संतोष वर्मा, कमलेश बघेल, महेंद्र सेठिया, आकाश मिश्रा, रानू तिवारी, रविन्द्र दास, सुनील साहू, प्रकाश रावल, संतोष ठाकुर, धीरज मेहरा, तरुण पाढ़ी, महेश राव, सुलोचना फुंडरे, सुमित बाजपेई अन्य पत्रकार सम्मलित थे।

**कार्यक्रम : मार्च पास्ट के दौरान नागरिकों से किया संवाद**

# एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत दुर्गूकोंदल में वॉकथॉन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सांस्कृतिक समरसता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को 178 बटालियन सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ दुर्गुकोंदल द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत भव्य वॉकथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 07:15 बजे सामरिक मुख्यालय दुर्गुकोंदल से हुआ, जिसे कमांडेंट रवि भूषण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वॉकथॉन का मार्ग सामरिक मुख्यालय से दुर्गुकोंदल बाजार होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक निर्धारित किया गया था। इस आयोजन का नेतृत्व समादेष्टा रवि भूषण ने किया। उनके साथ द्वितीय कमान अधिकारी जेआर कुजूर, शैलेंद्र शर्मा, उप समादेष्टा गुरचरण सिंह, नागमणि सिंह, सहायक समादेष्टा आनंद चौहान और डॉ. रवि कुमार सहित विभिन्न रैंक के अधिकारी एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मार्च पास के दौरान बीएसएफ के जवानों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया और उन्हें राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया। जवानों ने नागरिकों को यह भी बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान का उद्देश्य केवल विविधताओं में एकता का संदेश देना ही नहीं, बल्कि समाज में भाईचारे, सहयोग और परस्पर विश्वास को मजबूत करना भी है। इस अवसर पर कमांडेंट रवि भूषण ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान का उद्देश्य देश की विविधताओं के बीच एकता की भावना को मजबूत करना है। हमें अपने कर्तव्यों के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना चाहिए।

जब नागरिक और सुरक्षा बल एक साथ मिलकर कदम बढ़ाते हैं, तभी समाज और राष्ट्र मजबूत बनता है। वॉकथॉन में शामिल अधिकारियों और जवानों ने देशभक्ति के नारों और संदेशों के माध्यम से वातावरण को राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत कर दिया। स्थानीय नागरिकों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की और बीएसएफ जवानों का स्वागत किया।

इस वॉकथॉन ने न केवल क्षेत्र में आपसी सद्भाव का संदेश दिया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। इस आयोजन से समाज में एकजुटता और सांस्कृतिक एकता के महत्व को और अधिक सुदृढ़ किया गया।

# सास बेटा बहू सम्मेलन पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने की पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोहत्तर के ग्राम लोहत्तर रंगमंच में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव-गांव सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन बीएमओ मनोज किशोरे के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर किया गया।

मुख्य अतिथि जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कहा कि यह कार्यक्रम हमारे प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की ओर से जारी इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सास और बहू के बीच में बढ़ने वाली दूरी और पारिवारिक विवाद दूर करना है। सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि परिवार कल्याण जैसे जागरूक कार्यक्रम के प्रति सास और बहू की सोच बदले, वहीं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं को जान सकें। अक्सर देखा जाता है कि बहुएं बच्चों में अंतर व परिवार कल्याण के संसाधनों को अपनाने में कहीं न कहीं हिचक महसूस करती हैं, जिसमें सास का अहम रोल होता है। अब सास बहू सम्मेलन कार्यक्रम के तहत गांव-गांव सास बहुओं को एकत्र कर सजग किया जा रहा है। एएनएम इसकी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। सम्मेलन में सरपंच बसंती भालेश्वर, संतो दुग्गा, वार्डपंच गायत्री दीवान, गणेशिया कचलाम, सोहनी मंडावी, एएनएम तुलेश्वरी खैरखार, बिसमत बाई, जिंता बाई, शैलेन्द्री, राधिका बाई, गणेशवरी, अश्वनी, उर्मिला, वरिता, गायत्री, संध्या, सुखिया, मंजुलता अनीता सहित गाँव की महिलाएं उपस्थित रही।

## जोगिन व नेडगांव में पुल की मांग ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत की



**पखांजूर।** पखांजूर के पीवी 57 से जोगिन और नेडगांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर पुल न होने से ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के मौसम में मिट्टी के कटाव के कारण यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुल के अभाव में उन्हें हर दिन जोखिम उठाकर नदी पार करनी पड़ती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। तेज बारिश के कारण अक्सर रास्ता बंद हो जाता है और आवाजाही पूरी तरह से ठप पड़ जाती है। इसी परेशानी को देखते हुए, ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान कर रास्ते की मरम्मत की है, ताकि फिलहाल आवागमन जारी रह सके। ग्रामीणों सोहन कुमार, नीलेश यादव और बासुदेव आंचल ने बताया कि वे लंबे समय से इस रास्ते पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी समस्या पर ध्यान दिया जाए और जल्द से जल्द पुल का निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को इस असुविधा से हमेशा के लिए छुटकारा मिल सके।

## स्टेट हाईव 25 के गड्ढों को भरने की कवायद जारी

**पखांजुर।** कापसी बाजार के समीप जर्जर हो चुके स्टेट हाईवे 25 में हुए गड्ढो को हरिभूमि ने प्रमुखता से विभाग के संज्ञान में लाया था, वहीं विभाग ने गंभीरता दिखाते हुए मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया।

लोक निर्माण विभाग ने सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढो को भरने का काम शुरू कर दिया है, जिससे आवागमन में लोगों को काफी राहत मिली है। कापसी बाजार के पास स्टेट हाईवे 25 पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं। खासकर बारिश के दिनों में यह मार्ग और भी खतरनाक हो गया था। इस समस्या को /"हरिभूमि/" अखबार ने 20 सितंबर को प्रमुखता से उठाया था, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। सड़क मरम्मत का काम शुरू होने से स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि लंबे समय से इस मार्ग की खराब स्थिति से वे परेशान थे। हालांकि, अभी भी कुछ हिस्सों में मरम्मत का काम बाकी है, उम्मीद है कि विभाग जल्द ही उसे भी पूरा कर लेगा।



## सीमा सुरक्षा बल ने राम वाटिका में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



सीमा सुरक्षा बल की 47वीं बटालियन ने 21 सितंबर को पखांजूर के राम वाटिका में स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक विशेष स्वच्छता अभियान और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना है। कार्यक्रम में 47वीं बटालियन के कमांडेंट विजेंद्र नाथ गंगोली और द्वितीय कमान अधिकारी अजय छत्री सहित चार अधिकारियों और 96 जवानों ने हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर राम वाटिका और उसके आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की और घास की कटाई भी की। इस अवसर पर कमांडेंट विजेंद्र नाथ गंगोली ने स्वच्छ भारत अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की 145वीं जयंती पर शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि गंदगी हमारे स्वास्थ्य और आसपास के वातावरण को प्रभावित करती है। कमांडेंट ने कहा कि व्यक्तिगत और सामूहिक स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों को अपने बच्चों और पड़ोसियों को भी स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जोर देकर कहा, /"जब हम स्वच्छ रहेंगे, तभी स्वस्थ रहेंगे और जब स्वस्थ रहेंगे तभी एक मजबूत और शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।

## उपभोक्ता जागरुकता शिविर में आयोग अध्यक्ष ने बताया ई-हियरिंग व ई-फाइलिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्राम आसना में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे ने उपभोक्ता जागरूकता शिविर आयोजित करने के उद्देश्य की संपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल ने ई-हियरिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश को देश का पहला राज्य बनने पर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गौतम चौरड़िया के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई-हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा। उन्होंने कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी और आप घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## छात्रों को योग व आत्मरक्षा के लिए दिया जा रहा है प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

कोयलीबेड़ा विकासखंड के डोरमेट्रिक छात्रावास में रविवार को छात्रों के लिए एक विशेष योग और आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और आत्मरक्षा की तकनीकों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का संचालन योग शिक्षक और सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अमिताभ सरकार ने किया एवं कहा कि योग सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को मानसिक दृढ़ता और सकारात्मक सोच भी देता है। खंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार शील ने छात्रों को आत्मविश्वास और नैतिक शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि योग अभ्यास से छात्र विपरीत परिस्थितियों में भी साहसपूर्वक खड़े हो सकते हैं। इस दौरान छात्रों ने योग और प्राणायाम का अभ्यास किया, जिससे उन्हें मानसिक एकाग्रता, शारीरिक स्फूर्ति और अनुशासन के महत्व के बारे में बताया गया। इसके साथ ही, उन्हें आत्मरक्षा की कुछ बुनियादी तकनीकें भी सिखाई गईं। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्रों के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में राजेश नायर, छात्रावास अधीक्षक, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को होगा शुष्क दिवस

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2025-26 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल 7 सैनिक कैंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

## नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत



**पखांजुर।** गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजुर में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को तिलक चंदन लगाकर स्वागत करते हुए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया एवं अध्यक्षता जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शंकर सरका, विशिष्ट अतिथि दीपांकर राय, मोनिका साहा, सुनीता मंडल, श्यामबती मंडावी, मंजू सरदार, श्यामल मंडल, राजेश नायर, दीनानाथ चुरेंद्र, कमलेश पटेल, नारायण साना, सुकांत बिस्वास, मिथुन गाइन, प्रवीर साहा, मनोज हालदार, श्यामू तिवारी, गणेश साहा, सिरगू बाई, पिंकी हालदार, गीता हालदार, मनोज हालदार, सुव्रत सरकार, विक्रम बाला, निर्मला दास, दीप्ति साहा उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा महाविद्यालय में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलन का संदेश देते हुए एक पेड़ माँ के नाम लगाया।

पेज 09 के शेष...

### जमीन मुआवजा...

रखे हो। अभी 5 लाख और मिलने वाला है, उसका पैसा को पूरा मुझे देना। मैं बोला कि पांच लाख रूपएं मिलेगा, उसे भी साथ में बांटेंगे। मन्नू राम यादव पटवारी कार्यालय के बाहर दोपहर करीबन 2 बजे मुझे गाली देते हुए कहने लगा के तूम कैसे पूरा पैसा नही दोगे, आज तुझे मैं जान से मार डालूंगा कहते हुए मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट से बांए गाल एवं कान में तथा सिर के पीछे भाग में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मन्नू राम यादव के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ट्रक की ठोकर...

उसके सिर, चेहरे में गम्भीर चोट आने के कारण खून निकल रहा था। ट्रक का चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। घटना की जानकारी मृतक के पिता अंकालू मरकाम व उसके ससुर ललित साहू को दिया। कुछ देर में उसके पिता और ससुर आए। घायल को निजी वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने मृतक का परीक्षण किया और बताया कि उसकी मौत हो चुकी है।

मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन ट्रक क्रमांक एपी 39 डब्लयू 7666 के चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### राजपुर में एक...

सामाजिक मुद्दा रहा है। यह क्षेत्र में नक्सलवाद के बाद दूसरी बड़ी चुनौती मानी जाती है अभी भी हजारों लोग दूसरे धर्म में फंसे हुए है। आदिवासी समाज पिछले कई सालों से इसके खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है कई लोग संपर्क में अभी भी बने हुए है आने वाले समय में बड़ी संख्या में लोग मूल समाज में वापसी करेंगे।

समाज के उपाध्यक्ष शंकर शोरी, सचिव सुनील शोरी, रामचंद्र मंडावी पटेल, संरक्षक गंगाराम कोड़ोपी, कोषाध्यक्ष गनदेव रेखाम, सलाहकार रामचन्द मण्डावी, सदस्य गोहिर राम शोरी, रमेश कुंजाम, दबरु नेताम, रोशन बघेल, देवलाल पटोदी, चेतराम मांडवी, धर्मेंद्र सुरोजिया, गौरव शोरी के नेतृत्व में सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने रविवार 21 सितंबर को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ समाज में वापिस शामिल होने वाले परिवार का स्वागत किया और फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

### युवक नशे से...

विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विधायक ने युवाओं को नशा त्यागने और इस सामाजिक बुराई से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी रूप में कैंसर से भी अधिक खतरनाक है। इससे दूर रहकर शिक्षा, खेल और रोजगार की दिशा में भविष्य संवारने आगे आना होगा। उन्होंने मैराथन में शामिल सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने युवाओं को नशे से दूर रहकर देश के विकास में योगदान देने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने भी अपने संबोधन में नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी को प्रेरित किया। आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश मरकाम, एसडीएम अरुण वर्मा, समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक क्षमा शर्मा, सीएमएचओ डाँ. आर. सी. ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, क्रीड़ा अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बैंक प्रशासन से एटीएम चालू करने की मांग**

# रविवार को बंद रहता है स्टेट बैंक एटीएम, ग्राहक हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर




कापसी में भारतीय स्टेट बैंक का एकमात्र एटीएम हर रविवार को बंद रहता है, जिससे ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को कापसी का साप्ताहिक बाजार होने के कारण आसपास के दर्जनों गांवों से लोग खरीददारी करने आते हैं। ऐसे में जब उन्हें नकदी की ज़रूरत पड़ती है, तो एटीएम से पैसे निकालने की उम्मीद में आने वाले ग्राहकों को खाली हाथ लौटना पड़ता है।

कई ग्राहकों ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे हर रविवार को आते हैं और एटीएम बंद पाते हैं। ग्राहक रवि कुमार ने बताया कि यह बहुत निराशाजनक है। बाजार के दिन जब हमें सबसे ज़्यादा नकदी की ज़रूरत होती है, तब एटीएम बंद मिलता है। एक शिक्षक ने बताया कि अवकाश के दिन ही राशि निकालने का समय मिलता है, लेकिन रविवार को एटीएम बंद रहने के कारण उन्हें भी असुविधा होती है। कापसी का साप्ताहिक बाजार सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए नहीं, बल्कि दूरदराज के गांवों से आने वालों के लिए भी एक महत्वपूर्ण केंद्र है। पैसों की ज़रूरत पड़ने पर विशेषकर रविवार को लोगों के पास नकद निकालने का कोई और विकल्प नहीं होता। एटीएम का बंद रहना उनकी मुश्किलों को और बढ़ा देता है। ग्राहकों ने बैंक प्रबंधन से इस समस्या पर ध्यान देने और रविवार को भी एटीएम सुविधा चालू रखने की मांग की है।

उनका कहना है कि यह केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि उनकी एक मूलभूत ज़रूरत है, जिसे बैंक को पूरा करना चाहिए। ग्राहक कई बार खाली हाथ लौटे हैं। बैंक को समझना चाहिए कि रविवार को सबसे ज़्यादा ग्राहक आते हैं। छुट्टी के दिन ही जैसे नौकरीपेशा लोगों को समय मिलता है। उस दिन भी एटीएम बंद हो तो हम कहाँ जाएँ। इस समस्या का जल्द समाधान होना ज़रूरी है ताकि कापसी और आसपास के गांवों के लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### वनमंडल व आवासीय परिसर में चला स्वच्छता अभियान





**केशकाल।** सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर है जिसके तहत आज सुबह 6 बजे केशकाल स्वयं वनमंडल अधिकारी दिव्या गौतम एवं उप वनमण्डल अधिकारी सुषमा जे नेताम एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी केशकाल कृष्णा कुमार नेताम के साथ समस्त वन कर्मचारी एवं कार्यालय स्टाफ के द्वारा वनमंडल कार्यालय व वनमण्डल कैंपस की सफाई किया गया।

### रास गरबा महोत्सव आज से स्टेडियम में पूरी हुईं तैयारियां



**कोण्डागांव।** नवरात्र उत्सव के अवसर पर बरसाना रास गरबा समिति की ओर से 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विकास नगर स्थित स्टेडियम मैदान में भव्य रास गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 22 सितंबर को प्रातः 10 बजे नगरवासियों और समिति सदस्यों द्वारा स्टेडियम मैदान में माता रानी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके बाद शाम 7 बजे से गरबा महोत्सव की शुरुआत होगी। नवरात्र की पंचमी से प्रतिदिन शाम 7 बजे से श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने नगरवासियों से सहपरिवार उपस्थित रहकर गरबा और महाप्रसाद का लाभ लेने की अपील की है। कोंडागांव की हृदयस्थली स्टेडियम ग्राउंड में दूधिया रोशनी और आधुनिक म्यूजिक सिस्टम पर पारंपरिक गीतों और भजनों के बीच नगरवासी गरबा नृत्य का आनंद ले सकेंगे। आयोजक समिति ने बताया कि यह आयोजन मुख्यतः लड़कियों और महिलाओं के लिए अधि—त रहेगा। महोत्सव में सभी के लिए भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक माहौल बना रहेगा।

# हायर सेकंडरी स्कूल मयूर डोंगर में साक्षरता सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 1 से 7 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह एवं 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की सबसे आकर्षक झलक विद्यालय की छात्रओं द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें उन्होंने महात्मा गांधी के चश्मे की आकृति का निर्माण करते हुए मानव श्रृंखला बनाई। इस अनूठी प्रस्तुति का उद्देश्य समाज में शिक्षा और साक्षरता के महत्व को रेखांकित करना था।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रें को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पढ़ने—लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला और समाज को प्रगति की दिशा देने का सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत साक्षरता के पाँच घटकों, बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान, जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा की जानकारी दी। विद्यालय परिवार के शिक्षकों व छात्र—छात्राओं ने बढ़—चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर निर्माण जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। जिनमें विद्यार्थियों ने साक्षरता का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अंत में छात्रओं ने शपथ ली कि वे न केवल स्वयं शिक्षित होंगी, बल्कि आसपास के समाज को भी साक्षरता के महत्व से जोड़ने में सहयोग करेंगी।

### महात्मा गांधी के चश्मे की आकृति में बनाई गई मानव श्रृंखला



#### ये रहे मौजूद

आयोजन में संस्था के समस्त छात्र छात्राएं, प्राचार्य मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, वरिष्ठ व्याख्याता जमील खान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग, चंद्रा रेखा ध्रुव, लता देवांगन, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ कार्यक्रम की सफलता में सहभागी बना।

## क्राइम : शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता का करता रहा शारीरिक शोषण

# शादी का झांसा देकर किया दैहिक शोषण शिकायत के 24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

थाना अनंतपुर क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ आरोपी राजेन्द्र पोयाम ने युवती को शादी का झांसा देकर उसका दैहिक शोषण किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि अप्रैल 2022 से आरोपी राजेन्द्र पोयाम निवासी मालगांव बुडरापारा शादी का वादा कर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। इतना ही नहीं, जब वह गर्भवती हुई तो आरोपी ने दो बार गर्भपात कराने के लिए दवा खिलाई। थाना अनंतपुर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 29/2025 धारा 376(2)(ढ), 313 भादवि. के तहत केस दर्ज कर तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोमल प्रसाद राठौर की टीम ने आरोपी के घर पर दबिश दी और उसे धर दबोचा।

- गर्भवती होने पर जबरन कराया गर्भपात



#### अदालत में पेश कर भेजा गया जेल

आरोपी राजेन्द्र पोयाम पिता जुगधर पोयाम उम्र 28 वर्ष को 21 सितम्बर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोंडागांव में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक कोमल प्रसाद राठौर, सउनि रामरतन मरकाम, प्र.आर. भूपेन्द्र मरकाम, प्र.आर. छबीलाल कोर्राम, आर.क्र. विनेश कुमार सोरी, आर.क्र. मनराज वट्टी, आर.क्र. चेतन मरकाम, आर. सोपसिंह मरकाम सहित अनंतपुर पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### दहेज हत्या में आरोपी पति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कोण्डागांव।** थाना माकड़ी पुलिस ने दहेज हत्या के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मृतिका रूचिता चौहान की मौत जहर सेवन से हुई थी। 18 सितंबर को मृतिका के पति राधेश्याम चौहान ने पत्नी को इलाज के लिए जिला अस्पताल कोंडागांव में भर्ती कराया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के मायकेवालों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही राधेश्याम दहेज की मांग को लेकर रूचिता को लगातार शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। प्रार्थिया रेणुका नायक निवासी कासोली, थाना गीदम, दंतेवाड़ा की लिखित शिकायत और मर्ग पंचनामा कार्यवाही के बाद, पुलिस ने पाया कि मृतका को दहेज की मांग पर प्रताड़ित किया गया था। इसके आधार पर थाना सिटी कोतवाली कोंडागांव और बाद में थाना माकड़ी में मर्ग क्रमांक 42/2025 और अपराध क्रमांक 36/2025 धारा 80(2) भा.न्या.सं. के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देश, अति पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन और एसडीओपी सतीश भार्गव के नेतृत्व में थाना माकड़ी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति राधेश्याम चौहान को 20 सितंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव, निरीक्षक विकास बघेल, सउनि गिरीश कतलम, प्रआर मोनाराम मण्डावी, दशरथ मरकाम, राकेश जुर्री, आरक्षक धन्नूसिंह पटेल और राजू पानीग्राही की विशेष भूमिका रही।



# खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अनियमितता पर नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी.के. देवांगन ने आज कोंडागांव के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और चलित खाद्य प्रयोगशाला से खाद्य पदार्थों की जाँच की। निरीक्षण में कई जगहों पर अनियमितताएँ पाई गईं। मदिरा दुकान के पास एक अहाता (बार) में निरीक्षण के दौरान, कर्मचारी बिना एप्रन और हेड कवर के काम करते मिले, और खाद्य सामग्री ढकी हुई नहीं थी। इस पर संचालक को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही, वहाँ तलने में इस्तेमाल हो रहे तेल और अरारोट पाउडर का नमूना भी जाँच के लिए लिया गया है।

इसके अलावा, बस स्टैंड स्थित लक्ष्मी प्रोविजन स्टोर्स में भी जाँच हुई, जहाँ दुकान में जरूरत से ज्यादा सामान भरा हुआ था। जाँच में काफी मात्र में एक्सपायर्ड सामान जैसे घी, धनिया पाउडर, चाय, मसाले और चाउमिन मिले, जिन्हें बेचने वाले अन्य सामानों के साथ ही रखा गया था। इस पर विक्रेता को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बस स्टैंड के अंदर फल की दुकानों का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ दुकानदार गलत लेबल वाले सामान बेच रहे थे। सभी दुकानदारों को ऐसे सामानों की बिक्री तुरंत बंद करने की चेतावनी दी गई है, और आदेश का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- अहाता और लक्ष्मी प्रोविजन स्टोर्स को नोटिस जारी
- आदेश का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

# गंगामुंडा में गूंजी परंपरा की स्वर-लहरियां

**कोण्डागांव।** मुंडाक्षेत्र बुनागाँव अंतर्गत गंगामुंडा में खंड स्तरीय गाँयता जोहारनी कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में 14 पंचायतों के 38 ग्रामों से आए हजारों ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति—रिवाजों के साथ भागीदारी की। सगाजनों ने अपने पेन पुरखा, आंगादेव, बुढ़ादेव, जिम्मेदारीन याया के साथ अर्जी लगाई। नवा खाई त्योहार के बाद गाँयताओं को पगड़ी, हल्दी—चावल और चिवड़ा का टीका लगाकर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित सगाजनों को कुड़ई पत्ते में नया चावल से बने चिवड़े का टीका लगाकर सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण कराया गया।

मुख्य वक्ता तिरुमाल ललित नरेटी प्रदेश उपाध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज ने कहा हमारी परंपरा और संस्कृति ही हमारी असली विरासत है। जिसे सहेजना और संरक्षित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बिरसा मुंडा, टंट्या मामा और वीर गुंडाधुर जैसे जननायकों को याद किया। वहीं डॉ. जयमती कश्यप महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त ने आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण और अधिकारों पर प्रकाश डाला।



#### संस्कृति और पहचान पर जोर

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बंगाराम सोढ़ी ने कहा हमारी परंहमारी असली पहचान है, हमें इसे भावी पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुँचाना होगा।

#### नृत्य और पारंपरिक धुनों से गूंजा मंच

आयोजन में पारंपरिक मांदरीबाजा, रेला और हुलकी पाटा की धुनों पर सामूहिक नृत्य ने बस्तर की गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं को जीवंत कर दिया।



# सीआरपीएफ ने कोंडागांव जिला अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की 188वीं बटालियन ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कोंडागांव के जिला अस्पताल और उसके आस—पास के क्षेत्र में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान स्वच्छता ही सेवा की थीम पर आधारित था, जिसे एक दिन, एक साथ, एक घंटा के नारे के साथ आयोजित किया गया।

कमांडेंट भवेश चौधरी के निर्देश पर, बटालियन की एक टीम ने 20 सितंबर 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक यह अभियान चलाया। टीम का नेतृत्व द्वितीय कमान अधिकारी नीतींद्रनाथ ने किया। इस वृहद स्वच्छता अभियान में सीआरपीएफ के जवानों के साथ—साथ जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सक डॉ. प्रेम लाल मंडावी, नगर पालिका के अध्यक्ष नरपति पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश डे और कई अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कमांडेंट चौधरी ने कहा कि यह अभियान सरकार और विभाग के मापदंडों को पूरा करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने सभी से अपने दैनिक जीवन में भी अपने आस—पास के लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते रहने का आग्रह किया।

- सभी विभागों ने साथ मिलकर किया काम

# प्रधानमंत्री आवास योजना से गंगाबाई का पक्का घर का सपना हुआ सच





हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

फरसगाँव ब्लॉक के जुगानीकलार गाँव की रहने वाली श्रीमती गंगाबाई का सपना तब हकीकत में बदल गया। जब उन्हें पता चला कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उनके नाम से घर स्वीकृत हुआ है। गरीबी के कारण पक्के घर का उनका सपना बार—बार अधूरा रह जाता था, लेकिन इस योजना ने उनकी जिंदगी बदल दी।

गंगाबाई के पास आय का कोई स्थायी साधन नहीं था। वे एक एकड़ जमीन पर खेती करती थीं, जिससे मुश्किल से गुजारा होता था। बरसात में उनका कच्चा घर टपकता था और परिवार को बहुत परेशानी होती थी। लेकिन 2024—25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उनके नाम से आवास स्वीकृत हुआ। उन्हें तीन किस्तों में कुल 1 लाख 20 हजार की राशि मिली। इसके साथ ही, मनरेगा मजदूरी की राशि भी समय पर उनके खाते में आती रही, जिससे वे घर बनाने की सामग्री खरीद सकीं।

- 1 लाख 20 हजार की आर्थिक सहायता से बना घर

#### सभी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध

*कुछ ही महीनों की मेहनत के बाद, उनका पक्का घर बनकर तैयार हो गया। आज गंगाबाई और उनका परिवार न केवल एक मजबूत छत के नीचे रह रहा है, बल्कि उनके घर में गैस कनेक्शन, बिजली, नल—जल योजना और शौचालय जैसी सभी मूलभूत सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। गंगाबाई ने इस मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।*

# 5 मिनट में 1 एकड़ धान फसल पर कीटनाशक छिड़काव, किसानों में दिखा उत्साह

**केशकाल।** खेती-किसानी में तकनीकी नवाचार के तहत अब पारंपरिक तरीकों की जगह आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम अड़ेगा और निराछिंदली में कृषि ड्रोन का सफलता पूर्वक प्रदर्शन किया गया, जिसने स्थानीय किसानों को आधुनिक कृषि पद्धति से रूबरू कराया। ड्रोन के माध्यम से धान की फसल पर कीटनाशक का छिड़काव कर इसका जीवंत प्रदर्शन किया गया। महज 5 मिनट में 1 एकड़ खेत में दवा का छिड़काव पूर्ण कर लिया गया, जिससे किसानों में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी एच.एल. पदमाकर, एम.आर. नेताम, एवं एरीज कंपनी के प्रतिनिधि अविनाश शुक्ला, विवेक यादव, अजय यादव, सहित इमरान विरानी और मोईन विरानी भी उपस्थित रहे।



#### कृषि ड्रोनः एक क्रांतिकारी कदम

*ड्रोन तकनीक से जहां किसानों को फसलों की निगरानी और सटीक प्रबंधन में मदद मिलती है, वहीं इससे कीटनाशक, फफूंदनाशक और उर्वरकों का सटीक और कम समय में छिड़काव संभव होता है। इस तकनीक से न केवल संसाधनों की बचत होती है, बल्कि उत्पादन लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि भी सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और किसानों ने इसे खेती के भविष्य के लिए एक गेम-चेंजर तकनीक बताया और ऐसे आयोजनों की सराहना की, जिससे स्थानीय किसान नई तकनीकों से जुड़ सकें!*

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./202509140100010/
अ-21 (2)/2024-25
ग्राम-भानुप्रतापपुर, प.ह.नं. 05 भानुप्रतापपुर

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम भानुप्रतापुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार पिता सोहनराज जाति जैन निवासी वॉलफोर्ट सिटी भाठागांव रायपुर के द्वारा ग्राम भानुप्रतापुर स्थित अपने भूमिस्वामी हक की व्यवसायिक प्रयोजन परिवर्तित भूमि जिस पर पक्का मकान निर्मित भूमि खसरा नंबर 116/5 रकबा 0.0400 हेक्टर परिवर्तित लगान 5.45 रुपये की भूमि को अनावेदक बड़े भाई राकेश जैन पिता स्व. सोहनराज जैन जाति जैन निवासी राकेश स्कूटर पार्टस पंजाब नेशनल बैंक के सामने दल्लीराजहरा जिला बालोद के पक्ष में दान करने हेतु अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है। प्रकरण गतिशील है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को अनावेदक के पक्ष में दान करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथि 03/10/2025 तक पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**भानुप्रतापपुर**

# वन अधिकार पट्टे के लिए बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा और जोगी कांग्रेस सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

ग्राम मोहलई के ग्रामीणों को अब तक वन अधिकार पट्टा और गूगल नक्शा न मिलने से नाराज़ ग्रामीणों ने मंगलवार को कोंडागांव डीएफओ कार्यालय का घेराव किया। इस आंदोलन का नेतृत्व बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने किया। मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद ने कहा कि वर्ष 2021 से लगातार आवेदन और गुहार के बावजूद आज तक केवल कागजी कार्यवाही ही हुई है, लेकिन कोई ठोस फैसला सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो ग्रामीणों के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। मामला ग्राम मोहलई और माकड़ी के बीच के बीट से जुड़ा है, जहाँ ग्रामीण वर्ष 1996—97 से खेती करते आ रहे हैं। आरोप है कि माकड़ी वन समिति कब्ज़ा रोक रही है। नवनीत चांद ने मांग की कि जिला समिति गठित कर जाँच और दस्तावेज़ों के आधार पर उचित पक्ष को पट्टा दिया जाए।



#### पदाधिकारी रहे शामिल

इस मौके पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से नवनीत चांद संभागीय अध्यक्ष जकांछ, शंकर नेताम जिला अध्यक्ष, विनोद शोरी युवा मोर्चा संभागीय अध्यक्ष, उदय भंडारी जिला महामंत्री, चामसिंह कश्यप जिला संगठन मंत्री, प्रिया यादव, सुरेश नाग, निहारिका सिंह, अलका नदान सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे। ग्राम मोहलई से शामु राम, भंडारी सोढ़ी, दिनेश बघेल, मनीराम यादव, सुकालू राम बघेल, निर्मल पोयम, फरसु सोढ़ी व अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# युकां और एनएसयूआई ने फूंका गृहमंत्री का पुतला

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के आह्वान पर रविवार को कोंडागांव जिला मुख्यालय के बस स्टैंड में गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम ने कहा कि खेल विभाग में हो रहे करोड़ों के घोटाले को उजागर करने पहुँचे प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला पर भाजपा सरकार ने पुलिस के जरिए झूठी एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की। इसके विरोध में यह पुतला दहन किया गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पप्पू मंडावी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार फर्जी संस्थानों को संरक्षण दे रही है। नकली डिग्री घोटाले का पर्दाफाश करने पर रायपुर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी पर झूठा मामला दर्ज किया गया। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से संजय मरकाम, पप्पू मंडावी, प्रियांश चौहान, कल्पेश दीवान, नरेन्द्र देवांगन, बाबा खान, प्रवीण मरकाम, दिनेश नेताम, देवलाल नेताम, राकेश मंडावी, आदित्य राय, लकी, ऋषभ गोस्वामी, तौसीफ समेत बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सचिव को यथावत रखने की मांग की

**भानुप्रतापपुर।** तहसील भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दाबकट्टा के ग्रामीण व शिवसेना पदाधिकारी ने पंचायत में पदस्थ सचिव को यथावत रखने की मांग को लेकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव संतोषी मंडावी के द्वारा समय पर मुख्यालय में आकर ग्राम में जन्म-मृत्यु रजिस्टर, पंचायत कार्य रजिस्टर संधारित करती हैं। ग्रामीण का आवश्यकतानुसार कार्य तथा ग्राम विकास कार्य सुचारू रूप से संपन्न कर रहे हैं उनके कार्य से सभी पंचगढ़ उप सरपंच एवं समस्त ग्रामवासी संतुष्ट हैं। इस दौरान दयाबत्ती गावड़े, महाबत्ती नेताम, सरोज उयके, शैलेंद्री उयके, सनीराम कोरेटी, सुरजन उयके, रूपेश कल्लो, शानसिंह नेताम, ललित कोरेटी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत 37 वर्षीय प्रदीम नेताम ने पंखा में लटककर अपनी जान दे दी। जबरनपारा चारामा निवासी लछन्तीन नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 20 सितंबर को पंखे के एंगल में फंसी का फंदा बनाकर झुल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या किस वजह से किया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चार दिनी ग्रामीण क्रिकेट 6 से

**दुर्गुकोंदल।** दशहरा पर्व के अवसर पर ग्राम लाटमरका सराधुघमरे विकासखंड दुर्गुकोंदल में गोण्डवाना क्रिकेट क्लब लाटमरका के तत्वाधान में चार दिवसीय टेनिस बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 06 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और आपसी भाईचारा एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना है। आयोजकों ने बताया कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता में केवल ग्रामीण क्षेत्र की टीमें ही भाग लेंगी। नियम अनुसार प्रत्येक टीम के खिलाड़ी उसी गांव के होने चाहिए। पुरस्कार वितरण में प्रथम पुरस्कार 15,001 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 7,001 रूपए, तृतीय पुरस्कार 3,501 रूपए दिया जाएगा।

## निधन

### अमर सिंह कोमरा



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम चाहचाड निवासी अमर सिंह कोमरा का 20 सितंबर रात्रि 10 बजे निधन हो गया। वे देव माइनिंग में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे। उनके असामयिक निधन से परिवार एवं ग्रामवासियों को गहरा दुःख पहुँचा है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम चाहचाड में किया, जिसमें रिश्तेदार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आयुष चिकित्सा शिविर में मरीजों को मुफ्त में उपचार करके दी गई दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन तेलावट में किया गया, जिसमें आसपास गांव के पहुँचे ग्रामीणों की जाँच करके ईलाज कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया।

तेलावट में 20 सितंबर को बाजार स्थल में आयोजित शिविर का शुभारंभ जनपद सदस्य नितेश सलाम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य अतिथि ने उपस्थित समस्त अतिथियों के साथ मिलकर भगवान धन्वन्तरी का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आयुर्वेद पद्दित से ईलाज सतयुग से होते आ रहा है, यह बहुत ही पुरानी पद्दित है। बीमार होने पर सबसे पहले आयुर्वेद से ईलाज करवाएं, उसके बाद दूसरी पद्दित का सहारा लें। आयोजित शिविर में आयुष स्वास्थ्य शिविर में कुल 655, जिसमें आयुर्वेद पद्धति से 428, होम्योपैथि से 105 यूनानी पद्दति से 122 लाभ लेते हुए निःशुल्क औषधि प्राप्त किए, साथ ही शिविर में 91 लोगों ने रक्त जाँच एवं 78 लोगों ने योग परामर्श लिए शिविर में 600 लोगों ने आयुष काढ़ा का लाभ लिए साथ ही स्वस्थ नारी शशक्त नारी का विशेष रूप से उपस्थित अतिथि एवं महिलाओ द्वारा स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने शपथ भी लिया गया।

## उपचार की प्राचीन पद्धति आयुर्वेदिक कारगर



### उपस्थित रहे

आयोजित आयुष स्वास्थ्य मेला में सरपंच लक्ष्मी चिराम, उपसरपंच नम्मु राम खरे, श्याम सिंह मंडावी, श्याम लाल कोरेटी, हेमंत पाल, सोनाऊ राम सलाम, नेपाल सलाम, पूर्व जनपद सदस्य सावित्री सलाम, आलबेड़ा सरपंच मिलन सलाम, संतोषी लाटिया, राम कुंवर भोयना अतिथि के रूप में शामिल रहे वहीं शिविर कोसफल बनाने में शिविर प्रभारी डॉ. सचिन विरखेड़े, डॉ. आरएन तम्बोली, डॉ. ताता राव, डॉ. किरन तारम, डॉ. ज्योति बाला सहारे, डॉ. पुष्पा ध्रुव, डॉ. इंद्रा मोटवानी, जगन्नाथ साहू, युवराज जैन, कुलदीप धीवर, अभिजीत भक्त, सुधीर कुमार, निकेश उसेंडी, गैंद लाल दुग्गा, परमेश कचलम आदि शामिल रहे।

## प्रशासन मुरुम डालकर समस्या से ध्यान भटका रही: सरपंच

# बदहाल सड़क पर बरहेली के लोग बिफरे, किया चक्काजाम और दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



बरहेली गांव की जर्जर सड़कों से परेशान ग्रामीणों का सब्र आखिर टूट गया और उन्होंने सड़क पर उतरकर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार चल रहे भारी अधिभार वाले ट्रकों के कारण सड़क पूरी तरह टूट चुकी है, जिससे आमजनजीवन प्रभावित हो रहा है। चक्का जाम के दौरान ग्रामीणों ने माइंस से आने-जाने वाले बड़े और अधिभार लादे हुए ट्रकों को रोक दिया, जबकि चार पहिया जैसे छोटे वाहनों को समझदारी पूर्वक निकलने दिया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और अपनी नाराजगी व्यक्त की।

पूर्व सरपंच बाबूलाल कोला ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा सुबह से चक्का जाम किया गया, लेकिन माइंस प्रबंधन मौके पर स्थिति जानने तक नहीं पहुंचा। उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि प्रशासन और माइंस प्रबंधन इस समस्या का समाधान नहीं करता तो आने वाले दिनों में पूर्ण चक्का जाम किया जाएगा और तब सभी वाहनों को रोका जाएगा। पूर्व सरपंच ने आरोप लगाया कि प्रशासन केवल दिखावे के लिए सड़क पर मुरम और गिट्टी डालकर ग्रामीणों को गुमराह कर रहा है।

भारी वाहनों के दबाव के सामने अस्थायी मरम्मत टिक नहीं पाई और बारिश के साथ ही सड़क फिर से खराब हो गई। ग्रामीणों की स्पष्ट मांग है कि जब ट्रक अधिभार के साथ सड़क पर दौड़ते हैं तो उसी क्षमता के अनुसार मजबूत और टिकाऊ सड़क का निर्माण होना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि यदि उनकी मांगों को अनसुना किया गया तो वे सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि शासन-प्रशासन या तो भारी ट्रकों की आवाजाही बंद करे या फिर नई, सुदृढ़ सड़क का निर्माण तत्काल किया जाए। ग्रामीणों के इस आंदोलन को कांग्रेस ने समर्थन दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि पहले भी उनके धरना-प्रदर्शन की चेतावनी के बाद ही आमागढ़ से दमकसा मार्ग पर लिपाई-पुताई का काम किया गया था। हालांकि बारिश में गिट्टी बह जाने से वह प्रयास भी बेकार हो गया। अब ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि जब तक भारी वाहनों के अनुरूप सड़क निर्माण नहीं होता, वे संघर्ष जारी रखेंगे।

बरहेली और आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया है कि अब वे किसी तरह की आश्वासनबाजी से गुमराह नहीं होंगे। यदि प्रशासन ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

# हाटकोंदल में माइनिंग समिति की बैठक में तय की रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

ग्राम पंचायत हाटकोंदल में रविवार को देव माइनिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरपंच हरिशा मंडावी ने किया, जिसमें बीएसपी द्वारा संचालित कलवर माइंस को लेकर रोजगार और प्रभावित क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा हुई। ग्राम पंचायत हाटकोंदल जो कि माइंस से प्रभावित क्षेत्र को रोजगार और जनहित विकास कार्यों में विशेष प्राथमिकता दी जाए, खनन कार्य के कारण लाल पानी और मलवा नदी में बहकर हाटकोंदल पहुंच रहा है, जिससे किसानों को भविष्य में नुकसान झेलना पड़ सकता है। माइंस से प्राप्त रॉयल्टी और राजस्व का उपयोग स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, बिजली, और निर्माण कार्यों में किया जाना था, लेकिन विगत दो वर्षों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं किए गए। बैठक में यह तय किया गया कि समिति के सदस्य यदि दो बार अनुपस्थित रहते हैं, तो उनकी सेवा स्वतः समाप्त मानी जाएगी और साथ ही हर महीने की 21 तारीख को बैठक आयोजित की जाएगी। ग्रामवासियों ने बीएसपी और प्रशासन से निवेदन किया किखनन कार्य से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को रोका जाए। प्रभावित क्षेत्र के लिए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए ठोस योजना बनाई जाए, ताकि बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। बैठक में कमल कोसमा, भान सिंह दरों, ललित हिडको, संतूराम पांडे, जगदीश पटेल, गेंद सिंह ठाकुर, धम्मर सिंह उयके समेत अन्य ग्रामीण और समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और सहसचिव उपस्थित रहे।

# शिक्षा गुणवत्ता की आकांक्षा को साकार करने शैक्षिक समन्वयक संघ हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता में निखार लाने शैक्षिक संकुल समन्वयको से जो अपेक्षा है उस पर खरा उतरने शैक्षिक संकुल समन्वयक संघ का जिला स्तरीय बैठक भानुप्रतापपुर में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष रामचंद्र सोमवंशी ने किया। बैठक में शिक्षा मंत्री के द्वारा समन्वयको को निर्देशित सप्ताह में चार दिन मूल शाला में अध्यापन कार्य करने एवं दो दिवस अवलोकन कार्य करेंगे। इस आदेश का शैक्षिक संकुल समंवयक संघ स्वागत करता है तथा शिक्षा मंत्री की आकांक्षाओ पर खरा उतरने सभी शैक्षिक संकुल समन्वय प्रतिबद्ध है तथा निश्चित ही गुणवत्ता में निखार आएगा इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसी कड़ी में संकुल समन्वयको के विकासखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय समस्याओं का निदान करने विकास खंड, जिला पदाधिकारियों द्वारा समाधान करने रण नीति बनाई गई तथा पूरे प्रदेशस्तरीय समस्याओं का निदान करने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन देने सहमति बनी, जिसमें मध्यान्ह भोजन में अवलोकन दिन के अतिरिक्त दिन में स्कूलों में मध्यान्ह भोजन अनियमितता की जिम्मेदारी संकुल समन्वयक को न ठहराया जाए, गैर विभागीय कार्यों में संकुल समन्वयको को दायित्व न सौंपा जाए, शिक्षा विभाग अंतर्गत समस्त योजनाओं को सकारात्मक रूप देने में संकुल समन्वयको की अहम भूमिका होती हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए संकुल समन्वयको को सम्मान देने जैसे अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में भानुप्रतापपुर ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश जैन, सचिव सुनील यदु, ब्लॉक अध्यक्ष अंतागढ़ राजीव चक्र, ब्लॉक अध्यक्ष चारामा देवेंद्र कश्यप, सचिव कमलेश गावड़े, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गुकोंदल राजकुमार चंद्राकर तथा भानुप्रतापपुर शैक्षिक संकुल समन्वयक पुरूषोतम भेड़िया, भवन सिंह रावटे, खेमलाल साहू, नागेंद्रपाल समरथ, दिनेश कुमार ठाकुर, अन्नू राम पिस्दा, योगेंद्र मंडावी, जागेश कुमार सलामे, गौचरण साहू, खिलानंद ठाकुर, संतलाल ध्रुव, लीलाधर ठाकुर, संतराम उईके, तिलक सर्फ़े तथा सातों विकासखंड के संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### घरेलू विवाद पर दो भाइयों में मारपीट, पुलिस विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 55 में दो भाईयों के बीच परिवारिक बात को लेकर विवाद हो गया व विवाद धीरे धीरे मारपीट में बदल गया। छोटे भाई ने बड़े भाई के साथ मारपीट किया। बड़े भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी छोटे भाई के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 55 निवासी 34 वर्षीय बादल सरकार पिता पिता बिरेस सरकार ने पुलिस को बताया कि वह तीन भाई है। सबसे बड़ा मैं तथा दूसरे नम्बर के भाई का नाम बाबी सरकार एवं छोटे भाई का नाम विप्लव सरकार है। मै और मेरे पिता 20 सितंबर को सुबह 9 बजें घर के सामने आंगन में आपस में बातें कर रहे थे, पास में ही छोटा भाई विप्लव सरकार वहीं पर खड़ा था। विपल्व सरकार परिवारिक बात को लेकर मेरे साथ झगड़ा विवाद करने लगा। तब उसे झगड़ा विवाद करने से मना किया, तो विप्लव सरकार कहने लगा कि तुम मना करने वाले कौन होते हो कहकर मुझे गाली देने लगा। मैने गाली देने से मना किया, इतने में कहने लगा कि तुझे जान से मार डांलूगा कहकर पास में पड़े डंडा से मारपीट किया। मारपीट से मेरे सिर, पीठ, कमर व बदन में चोट व दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विप्लव सरकार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### संबलपुर में चौकीदार भर्ती में गड़बड़ी, जांच की मांग

**भानुप्रतापपुर।** कृषि उपज मंडी समिति संबलपुर द्वारा हालही में चौकीदार भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित हुई थी, जिसमें 2 लोगो का चयन हुआ है। इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर अन्य परीक्षार्थियों ने परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत किया है। शिकायतकर्ता सख़्तूराम, राहुल, दिलीप, नरेंद्र, भुनेश्वर आदि ने बटे कि मंडी के अधिकारी व कर्मचारियों के रिश्तेदारों को अनुचित लाभ पहुँचाते हुए नौकरी में रखा गया है। लिखित पेपर की हैं डराईटिंग की जाँच एक्सपर्ट से करवाने व योग्यता संबंधित मूल दस्तावेजों की जाँच करने की माँग की गई है। अभ्यर्थियों ने सूचना के अधिकार के तहत उत्तर पुस्तिका व अन्य दस्तावेज मांगे थे, लेकिन व्यक्तिगत जानकारी बता कर दस्तावेज नहीं दिए गए। उत्तर पुस्तिका में बहुँत ही साफ़ व स्वच्छ अक्षरों में लिखा गया है जो की किसी और की लिखावट है। दोनों उत्तर पुस्तिका में समान हैंड राईटिंग प्रतीत हो रही है, जो कि संदेहास्पद है।



# शिक्षक, पालक बालक सम्मेलन में जाब प्रोफेशन एवं कैरियर पर किया मोटिवेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज सीबीएसई हायर सेकेण्डरी में शिक्षक, पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के पालक अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर अपने सेकेन्ड यूनिट टेस्ट प्रोग्रेस के रिपोर्ट एवं विभिन्न भाषायी कौशल एवं गणित, विज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया। विषय शिक्षक से उनके विषय के बारे में छात्रों की प्रगति की चर्चा की गई। शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, साथ-साथ संगीत, नृत्य एवं कला मे उनकी रूचि की भी चर्चा की गई। स्कूल के प्रत्येक छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए स्कूल के बच्चों को पाठ्यक्रम के विभिन्न विषय के साथ-साथ विभिन्न आउटडोर, इनडोर गेम्स, क्लासिकल एवं वेस्टर्न गीत संगीत एवं नृत्य, आर्ट एण्ड काफ्ट कक्षाओं का आयोजन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया जाता है। प्रत्येक बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो और समाज के लिए अति महत्वपूर्ण मानव संसाधन बनकर अपने देश एवं मानव समाज की सेवा कर सकें। सम्मेलन में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं के कैरियर काउंसलर विशाल पांडेय द्वारा जॉब प्रोफेशन और कैरियर तीनों के स्थान बताते हुए कहा कि हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। कैरियर का चुनाव यह केवल एक नौकरी पाने की बात नहीं होती, बल्कि यह हमारे जीवन की दिशा तय करता है, कैरियर वह रास्ता है, जिस पर चलकर हम न सिर्फ अपनी आजीविका कमाते हैं बल्कि समाज में एक पहचान भी बनाते हैं। जॉब यानी नौकरी एक ऐसा प्रोफेशन है, जिसे हम अपनी शिक्षा, कौशल और रूचियों के आधार पर चुनते हैं।

शिक्षक पालक बालक सम्मेलन कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, एकेडमिक हेड सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।







तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

